# CUH faculty member selected for Award for Teaching Excellence in Higher Education Institutions-2024

## Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 05-09-2024**

# डॉ. अनीता को मिलेगा राष्ट्रीय पुरस्कार-2024



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) महेंद्रगढ़ के पोषण जीवविज्ञान विभाग की सहायक आचार्य डॉ. अनीता कुमारी को उच्च शिक्षा संस्थानों में उत्कृष्ट शिक्षण के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार-2024 के लिए चुना गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने डॉ. अनीता कुमारी को शिक्षण, शोध, परियोजना आधारित शिक्षा और विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए बधाई दी है। डॉ. अनीता कुमारी को यह पुरस्कार शिक्षक दिवस के अवसर पर राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसन राव बागड़े द्वारा राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्रदान किया जाएगा। इसमें पच्चीस हजार रुपये का नकद पुरस्कार, शॉल, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न शामिल है। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Bhedi Nazar** **Date: 05-09-2024**

# हकेवि संकाय सदस्य डॉ. अनीता कुमारी शिक्षण उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित पुरस्कार-2024 के लिए चयनित

## शिक्षक दिवस के अवसर पर राजस्थान के राज्यपाल द्वारा किया जाएगा सम्मानित

**भेदी नजर अशोक कुमार कौशिक**

**नारनौल।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के पोषण जीवविज्ञान विभाग की सहायक आचार्य डॉ. अनीता कुमारी को उच्च शिक्षा संस्थानों में उत्कृष्ट शिक्षण के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार-2024 के लिए चुना गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने डॉ. अनीता कुमारी को शिक्षण, शोध, परियोजना आधारित शिक्षा और विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए बधाई दी। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव; कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार; डीन रिसर्च प्रो. पवन कुमार शर्मा; डीन, एसआईएएस डॉ. दिनेश कुमार गुप्ता, विभागाध्यक्ष प्रो. कांति प्रकाश शर्मा ने भी उन्हें पुरस्कार के लिए बधाई दी। डॉ. अनीता कुमारी को यह पुरस्कार शिक्षक दिवस के अवसर पर राजस्थान के राज्यपाल महामहिम श्री हरिभाऊ किसनराव बागड़े द्वारा राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्रदान किया जाएगा।




डॉ. अनीता कुमारी ने अनुसंधान एवं अन्य शैक्षणिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रो. नीलम सांगवान, प्रा. सुरेंद्र सिंह; डॉ. अश्विनी कुमार को उनकी सक्रिय भागीदारी और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। डॉ. अनीता कुमारी ने बताया कि राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा यह पुरस्कार शिक्षा उत्कृष्टता एवं नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया जाता है। इसमें पच्चीस हजार रुपये का नकद पुरस्कार, शॉल, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह शामिल है। उन्होंने पीएचडी शोधार्थियों और प्रोजेक्ट एसोसिएट सरिता, दीपिका, देबोलीना चाखी और सुरभि पंवार का भी गुणवत्तापूर्ण शोध के लिए धन्यवाद किया। डॉ. अनीता कुमारी ने 'हाइपोविटामिनोसिस डी' और 'मधुमेह' पर अपने शोध के विभिन्न फंडिंग एजेंसियों को भी धन्यवाद दिया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 05-09-2024**

## डॉ. अनीता कुमारी शिक्षण उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चयनित

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हकेंवि के पोषण जीव विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य डॉ. अनीता कुमारी को उच्च शिक्षा संस्थानों में उत्कृष्ट शिक्षण के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार- 2024 के लिए चुना गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, समकुलपति प्रो. सुषमा यादव, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, डीन रिसर्च प्रो. पवन कुमार शर्मा, डीन, एसआईएएस डॉ. दिनेश कुमार गुप्ता, विभागाध्यक्ष प्रो. कांति प्रकाश शर्मा ने उन्हें बधाई दी।



डॉ. अनीता कुमारी को यह पुरस्कार शिक्षक दिवस पर राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े द्वारा राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्रदान किया जाएगा। डॉ. अनीता कुमारी ने प्रो. नीलम सांगवान, प्रा. सुरेंद्र सिंह; डॉ. अश्विनी कुमार को उनकी सक्रिय भागीदारी और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 05-09-2024**

# डा. अनीता राष्ट्रीय पुरस्कार-2024 के लिए चयनित



कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के साथ डा. अनीता कुमारी ● सौजन्यः हकेंवि

संवाद सहयोगी, जागरण ● महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के पोषण जीवविज्ञान विभाग की सहायक आचार्य डा. अनीता कुमारी को उच्च शिक्षा संस्थानों में उत्कृष्ट शिक्षण के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार-2024 के लिए चुना गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने डा. अनीता कुमारी को शिक्षण, शोध, परियोजना आधारित शिक्षा और विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए बधाई दी। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, डीन रिसर्च प्रो. पवन कुमार शर्मा, डीन, एसआइएएस डा. दिनेश कुमार गुप्ता, विभागाध्यक्ष प्रो. कांति प्रकाश शर्मा ने भी उन्हें पुरस्कार के लिए बधाई दी। डा. अनीता कुमारी ने अनुसंधान एवं अन्य शैक्षणिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रो. नीलम सांगवान, प्रो. सुरेंद्र सिंह, डा. अश्विनी कुमार को उनकी सक्रिय भागीदारी और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: India News Calling** **Date: 05-09-2024**

## CUH faculty member selected for a prestigious Award for Teaching Excellence in Higher Education Institutions-2024

September 04, 2024 12:45 PM



MAHENDERGARH, 04.09.24-CUH faculty member selected for a prestigious Award for Teaching Excellence in Higher Education Institutions-2024 Dr. Anita Kumari, Assistant Professor, Department of Nutrition Biology, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh has been selected for a prestigious national award for teaching excellence in Higher Education Institutions-2024. The Vice-Chancellor of the University, Prof. Tankeshwar Kumar congratulated Dr. Anita Kumari for her outstanding contributions towards teaching, impactful research, project-based learning, and dedication to student guidance. The Pro-Vice-Chancellor, Prof. Sushma Yadav; Registrar, Prof. Suneel Kumar; Dean Research, Prof. Pawan Kumar Sharma; Dean, SIAS, Dr. Dinesh Kumar Gupta, Head of the Department, Prof. Kanti Prakash Sharma, also congratulated her for the award.

The Central University of Rajasthan has introduced this award to recognize teachers who have demonstrated excellence and innovativeness in teaching in HEIs across India and have significantly contributed to the growth of their Institute and the society at large. The prestigious national award will be given by His Excellency Governor of Rajasthan – Shri Haribhau Kisanrao Bagde on Teachers' Day (5th September, 2024) at Central University of Rajasthan. The award includes a cash prize of Rs. 25000/-, Shawl, a Citation, and a Memento.

Dr. Anita Kumari expressed her gratitude to Prof. Tankeshwar Kumar (Vice-Chancellor), CUH for providing the research and other academic facilities which has enabled her to receive this award.

Dr. Kumari also thanked her faculty collaborators Prof. Neelam Sangwan, Prof. Surender Singh; Dr. Ashwani Kumar for their active involvement and cooperation. She has also given credit to her research team of Ph.D. students and Project Associate namely Sarita, Deepika, Debolina Chakhi and Surbhi Panwar for putting their sincere efforts towards quality research. Dr. Anita Kumari also thanked various funding agencies to support her research on "Hypovitaminosis D" and "Diabetes", both of which are widespread and have significant impacts on public health.

**Newspaper: Navoday Times** **Date: 05-09-2024**

## डॉ.अनीता शिक्षण उत्कृष्टता पुरस्कार के लिए चयनित

महेंद्रगढ़, 4 सितम्बर (मोहन,परमजीत): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पोषण जीवविज्ञान विभाग की सहायक आचार्य डॉ. अनीता कुमारी को उच्च शिक्षा संस्थानों में उत्कृष्ट शिक्षण के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार-2024 के लिए चुना गया है।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, समकुलपति प्रो. सुषमा यादव; कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार; डीन रिसर्च प्रो. पवन कुमार शर्मा; डीन, एसआईएएस डॉ. दिनेश कुमार गुप्ता, विभागाध्यक्ष प्रो. कांति प्रकाश शर्मा ने भी उन्हें पुरस्कार के लिए बधाई दी।

डॉ. अनीता कुमारी को यह पुरस्कार शिक्षक दिवस के अवसर पर राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े द्वारा राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्रदान किया जाएगा। डॉ. अनीता कुमारी ने अनुसंधान एवं अन्य शैक्षणिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रो. नीलम सांगवान, प्रा. सुरेंद्र सिंह; डॉ. अश्विनी कुमार को उनकी सक्रिय भागीदारी और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। डॉ. अनीता ने बताया कि राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा यह पुरस्कार शिक्षा उत्कृष्टता एवं नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया जाता है। इसमें पच्चीस हजार रुपये का नकद पुरस्कार, शॉल, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह शामिल है।


नवोदय टाइम्स
Thu, 05 September 2024
https://epaper.navodayatimes.in/c/75787